**बिहार सरकार**
**सिविल विमानन विभाग,**
**हवाई अड्डा, पटना–800014**

TEL. No:- 0612-2225659, 2224423
e-mail-cadbihar@bihar.gov.in

पत्रांकः– वा०सि०नि०(योजना)–09–02 / 2025– 105 पटना, दिनांक– 02/03/2026

प्रेषक,

**डॉ० निलेश रामचंद्र देवरं,** भा०प्र०से०
सचिव

अनौपचारिक रूप से परामर्शित

सेवा में,

**महालेखाकार, बिहार**
वीरचन्द पटेल मार्ग,
पटना।

द्वारा,

**वित्त विभाग,**
बिहार, पटना।

**विषयः– मांग संख्या–04 के अन्तर्गत मुख्य शीर्ष–5053–नागर विमानन पर पूँजीगत परिव्यय–02–विमानपत्तन–102–हवाई अड्डा–01 01–हवाई अड्डे विपत्र कोड–04–5053021020101 अन्तर्गत सारण जिलान्तर्गत ग्रीनफील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, सोनपुर की स्थापना के लिए आधारभूत संरचना हेतु कुल चिन्हित 4228.61 एकड़ भूमि अर्जित किये जाने हेतु अनुमानित मुआवजा राशि ₹13,02,83,87,543/– (एक हजार तीन सौ दो करोड़ तेरासी लाख सत्तासी हजार पाँच सौ तेंतालीस रूपये) मात्र का प्रशासनिक स्वीकृति।**

**आदेश –स्वीकृत।**

**2.** नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक–AV-24030/18/2025-AD, दिनांक–07.07.2025 द्वारा पटना के नजदीक ग्रीनफील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के निर्माण के संबंध में प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया।

उल्लेख किया गया कि पटना के नजदीक सोनपुर में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा निर्माण हेतु आदर्श स्थान है। बिहार में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों के लिए माननीय वित्त मंत्री की बजट घोषणा को ध्यान में रखते हुए, यह पाया गया है कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने सोनपुर में चिन्हित स्थान का पूर्व–व्यवहार्यता अध्ययन और OLS सर्वेक्षण पहले ही कर लिया है, जिसे नए अंतर्राष्ट्रीय ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण के लिए तकनीकी रूप से उपयुक्त पाया गया है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव के पत्रांक–727, दिनांक–18.11.2025 द्वारा साईट क्लीयरेंस के साथ प्रतिवेदन संलग्न कर नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार से आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुरोध किया गया है।

**3.** नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक–AV-24030/18(II)/2025-AD, दिनांक–01.12.2025 द्वारा ग्रीनफील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा निर्माण के संबंध में सभी मौजूदा हवाई अड्डों पर प्रस्तावित हवाई अड्डे के तीसरे पक्ष के प्रभाव आकलन रिपोर्ट को तैयार करवाये जाने हेतु अनुरोध किया गया। नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक–AV-24030/18/2025-AD, दिनांक–23.12.2025 द्वारा साईट क्लियरेंस के संबंध में विभिन्न बिन्दुओं पर कारण पृच्छा किया गया। इस संबंध में विभागीय पत्रांक–879, दिनांक–26.12.2025 द्वारा नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार को सभी बिन्दुओं पर अनुपालन प्रतिवेदन भेजा गया है।

**4.** जिला पदाधिकारी, सारण के पत्रांक–6871, दिनांक–05.12.2025 द्वारा सोनपुर, सारण में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा निर्माण हेतु साईट क्लीयरेंस से संबंधित विविध प्रतिवेदन के साथ भूमि



Scanned with OKEN Scanner

विवरणी उपलब्ध कराते हुए उल्लेख किया गया कि मौजा–भावचक/521 का 180.92 एकड़, मौजा–मछेलवा/522 का 78.21 एकड़, मौजा–मनसाचक/523 का 243.06 एकड़, मौजा–लक्ष्मनपुर/525 का 447.80 एकड़, मौजा–भगवानचक/552 का 149.17 एकड़, मौजा–भोपनचक/524 का 228.53 एकड़, मौजा–चकरूद्धि/556 का 224.86 एकड़, मौजा–चंदवाचक/548 का 184.34 एकड़, मौजा–फकीरचक/547 का 208.08 एकड़, मौजा–करनपुरा/550 का 111.19 एकड़, मौजा–कुसीयारी/557 का 194.98 एकड़, मौजा–लटियाही/549 का 44.47 एकड़, मौजा–मोहनचक/555 का 206.07 एकड़, मौजा–मलमला/546 का 523.96 एकड़, मौजा–मगरपालनूरन/543 का 93.93 एकड़, मौजा–मूरारचक/551 का 137.94 एकड़, मौजा–सरइया/544 का 289 एकड़, मौजा–जगदीश/520 का 94.84 एकड़, मौजा–पचभइया/526 का 5.71 एकड़, मौजा–सरनारायन/545 का 132.07 एकड़, मौजा–उभवा/554 का 79.87 एकड़, मौजा–मठककरा/558 का 223.42 एकड़, मौजा–मानपुर/540 का 31.37 एकड़, मौजा–मगरपाल मुरतुजा/559 का 92.52 एकड़, मौजा–नयागाँव/32 का 0.98 एकड़, मौजा–रसुलपुर/36 का 21.32 एकड़ अर्थात कुल 4228.61 एकड़ भूमि अधिग्रहण के संबंध में ₹13,02,83,87,543/– (एक हजार तीन सौ दो करोड़ तेरासी लाख सत्तासी हजार पाँच सौ तेंतालीस रूपये) मात्र व्यय होने की संभावना है। इस ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का निर्माण सार्वजनिक–निजी भागीदारी (पी०पी०पी०) मॉडल के अंतर्गत किये जाने हेतु आवश्यक अग्रेत्तर कार्रवाई सिविल विमानन विभाग द्वारा की जायेगी।

**5.** योजना एवं विकास विभाग के ज्ञापांक–1040/लो०वि० दिनांक–19.12.2025 द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए मंत्रिपरिषद की स्वीकृति हेतु अनुशंसा किया गया। इस संबंध में मंत्रिपरिषद द्वारा दिनांक–20.02.2026 को संपन्न बैठक में मद संख्या–28 के रूप में सम्मिलित करते हुए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया गया। इस संबंध में संचिका वा०सि०नि०(योजना)–09–02/2025 के पृष्ठ–37/टि० पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय का अनुमोदन प्राप्त है।

**6.** प्रश्नगत राशि ₹13,02,83,87,543/– (एक हजार तीन सौ दो करोड़ तेरासी लाख सत्तासी हजार पाँच सौ तेंतालीस रूपये) मात्र की अधिप्राप्ति के उपरांत मांग संख्या–04 के अन्तर्गत मुख्य शीर्ष–5053–नागर विमानन एवं पूँजीगत परिव्यय–02–विमानपत्तन–102–हवाईअड्डा–01 01–हवाईअड्डे–राज्य योजना भू–अर्जन मद विषय शीर्ष–53 02, विपत्र कोड–04–5053021020101 के द्वारा मुआवजा राशि को विमुक्त करने के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद का अनुमोदन प्राप्त है।

**7.** उपर्युक्त स्वीकृत राशि ₹13,02,83,87,543/– (एक हजार तीन सौ दो करोड़ तेरासी लाख सत्तासी हजार पाँच सौ तेंतालीस रूपये) मात्र का व्यय मुख्य शीर्ष 5053 नागर विमानन पर पूँजीगत परिव्यय राज्य योजना–02–विमानपत्तन –102–हवाई अड्डा–0101–हवाई अड्डे विपत्र कोड–04–5053021020101 के अन्तर्गत 53 02 भू–अर्जन मद से वित्तीय वर्ष 2026–27 के उपबंधित राशि से विकलित होगा।

**8.** अपर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, सिविल विमानन विभाग, पटना, द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सारण के PD/PL खाता में राशि अन्तरित किया जायेगा।

**9.** इस राशि का उपयोग उसी कार्य के लिए किया जायेगा जिस कार्य के लिए स्वीकृति दी गयी है। किसी अन्य मद में इस राशि का उपयोग कदापि नहीं किया जायेगा। इस राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र एवं व्यय विवरणी के साथ कोषागार चालान जिलाधिकारी एवं जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सारण द्वारा सीधे महालेखाकार को भेजते हुए उसकी एक प्रति इस विभाग को योजना की स्वीकृति के छः माह के अन्दर उपलब्ध कराया जाएगा।

**10.** इस राशि के अंकेक्षण का अधिकार महालेखा नियंत्रक एवं लेखाकार परीक्षक को होगा।



Scanned with OKEN Scanner

11. स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर सचिव, सिविल विमानन विभाग तथा आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–वा०सि०नि०(योजना)–09–02/2025 के पृष्ठ 41/टि० पर दिनांक–27/02/26 को प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

(डॉ० निलेश रामचंद्र देवरे)
सचिव

ज्ञापांकः– वा०सि०नि०(योजना)–09–02/2025–105 पटना, दिनांक– 02/03/2026

प्रतिलिपिः–वित्त विभाग, बजट शाखा/अर्थोपाय शाखा वित्त विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, बिहार, पटना/लेखा शाखा, सिविल विमानन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(डॉ० निलेश रामचंद्र देवरे)
सचिव

ज्ञापांकः– वा०सि०नि०(योजना)–09–02/2025–105 पटना, दिनांक–02/03/2026

प्रतिलिपिः–सचिव, नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार/अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नई दिल्ली को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

(डॉ० निलेश रामचंद्र देवरे)
सचिव

ज्ञापांकः– वा०सि०नि०(योजना)–09–02/2025–105 पटना, दिनांक–02/03/2026

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के प्रधान आप्त सचिव/जिलाधिकारी, सारण को सूचनार्थ प्रेषित।

(डॉ० निलेश रामचंद्र देवरे)
सचिव



Scanned with OKEN Scanner